बिज़नेस भास्कर
Business Standard और The Economist की खबरों के साथ
रायपुर, रविवार 30 अगस्त, 2026 7

बुलियन मार्केट • अब फेड प्रमुख की टिप्पणी से तय होगी डॉलर की चाल, दरें स्थिर रहीं तो चढ़ेगा सोना

सोना 26 साल बाद सबसे बड़ी मासिक उछाल की की तरफ बढ़ रहा, अगस्त में दाम 14% बढ़ चुके

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

सोना 26 साल यानी 1999 के बाद अगस्त में सबसे बड़ी मासिक बढ़त दर्ज कराने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह अब तक 14% चढ़ चुका है। शुक्रवार को इसकी कीमत 4,600 डॉलर प्रति औंस के पास स्थिर बनी रही।

वहीं, घरेलू सराफा बाजार में सोने में 15,526 रुपए (10.9%) की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक सोने की औसत कीमत 1,58,386 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जो 31 जुलाई को 1,42,860 रुपए के स्तर पर थी। शुक्रवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श के संबोधन से पहले निवेशक सतर्क नजर आए। बुलियन एक्सपर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी वित्त मंत्रालय द्वारा बॉन्ड बाजार में अचानक फंड डालने से 'डिबेसमेंट ट्रेड' की धारणा मजबूत हुई है।

भारत में इस साल अब तक सोने का रिटर्न 19 फीसदी

तारीख	कीमत	तेजी
31 दिसंबर 25	1,33,195	-
29 जनवरी 26	1,75,340	+31.6%
23 मार्च 26	1,39,569	+4.8%
30 मार्च 26	1,46,733	+10.2%
31 जुलाई 26	1,42,860	+7.3%
27 अगस्त 26	1,58,386	+18.9%

24 कैरेट सोने की औसत कीमत रुपए प्रति 10 ग्राम (स्रोत:आईबीजेए)

- अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का चेयरमैन बनने के बाद वॉर्श का यह पहला बड़ा भाषण शुक्रवार को है। इसमें उन्हें आर्थिक नीतियों को लेकर उठ रही आलोचनाओं का जवाब देने का मौका मिमिलेगा।

संबोधन: जैक्सन होल में वॉर्श की पहली टिप्पणी पर नजर...

फेड के चेयरमैन केविन वॉर्श के जैक्सन होल में होने वाले सालाना सम्मेलन के संबोधन पर बाजार की नजरें टिकी हैं। एलकेपी सिक्युरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एंड करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक, निवेशक इस भाषण से महंगाई और ब्याज दरों पर फेड का रुख समझना चाहते हैं।

बड़ी बाधा: दरें बढ़ने पर सोने की कीमत घट सकती है...ऐसी आशंका भी बढ़ रही

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले महीनों में अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ाने पर अर्थशास्त्री बंटे हुए हैं। बिना ब्याज देने वाली संपत्ति होने से दर बढ़ोतरी सोने के लिए चुनौती खड़ी कर सकती है। हालांकि जुलाई में दरें स्थिर रखी गई थीं, लेकिन फेड के तीन सदस्य 0.25% बढ़ोतरी के पक्ष में थे।

संभावना: दिसंबर तक अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने का अनुमान 74%, ये बड़ा रिस्क

अमेरिका में सितंबर में दरें बढ़ने की आशंका घटकर 34% रह गई है। हालांकि दिसंबर तक इसके बढ़कर 74% होने का अनुमान है। अगस्त में सोना लगभग 14% की मजबूत वापसी कर चुका है। आमतौर पर ऊंची दरें सोने का आकर्षण कम कर देती हैं, क्योंकि यह खुद कोई रिटर्न नहीं देता।

भास्कर नॉलेज

निवेशक सोने का रुख किन हालात में करते हैं?

- जब सरकारें कर्ज या नोट छापकर करेंसी की क्रय शक्ति घटाती हैं, तब निवेशक संपत्ति बचाने के लिए सोने का रुख करते हैं।
- डॉलर की वैल्यू घटने के इसी डर से 28 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की हाजिर कीमत 5,602.22 डॉलर और कॉमेक्स वायदा 5,608.35 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे थे। इसी असर से घरेलू बाजार में भी 29 जनवरी को 24 कैरेट सोना 1,75,340 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था। हालांकि, मौजूदा कीमत इससे 16,954 रुपए (9.7%) नीचे बनी हुई है। हालांकि सोने में 23 मार्च के साल के निचले स्तर से 18,817 रुपए (13.5%) की तेजी आई है।

आसपास

आरंग में धूमधाम से मनाया भोजली तिहार शोभायात्रा के बाद विसर्जन

भास्कर न्यूज | आरंग

मितान परंपरा: विसर्जन के उपरांत ''भोजली भेंटने'' की छत्तीसगढ़ी परंपरा का निर्वहन किया गया। श्रद्धालु विसर्जन से पूर्व भोजली की हरी पत्तियों को निकालकर एक-दूसरे के कानों में लगाते हैं, प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हैं और जीवनभर के लिए ''भोजली मितान'' यानी पक्के मित्र बनते हैं। यह परंपरा जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और अटूट प्रेम का संदेश देती है। आरंग में लोधी समाज के चन्द्रहे परिवार द्वारा आयोजित इस भव्य उत्सव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के लोग अपनी जड़ों और लोक-संस्कृति से गहरे जुड़े हुए हैं।

प्रकृति-पूजा का महापर्व ''भोजली तिहार'' आरंग में पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि भोजली विसर्जन के साथ ही इसका औपचारिक समापन हुआ। लोधी समाज सहित समस्त नगरवासियों ने एकजुट होकर इस पावन पर्व में सहभागिता की। विसर्जन के दिन पूरा आरंग नगर भक्तिमय लोक-गीतों और गाजे-बाजे की गूँज से सराबोर रहा। पारंपरिक परिधानों में सजी सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने अपने सिर पर अंकुरित गेहूँ-जौ की हरियाली से सजी भोजली की टोकरियाँ धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। नगर भ्रमण के पश्चात आरंग के ऐतिहासिक पंडरी तालाब के तट पर विधिवत पूजा-अर्चना व आरती कर भोजली माता को विसर्जित किया गया।

क्या है भोजली तिहार: छत्तीसगढ़ी संस्कृति में भोजली तिहार का केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि गहरा पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक महत्व भी है। जब वर्षा ऋतु के दौरान समस्त धरा जल से आच्छादित हो जाती है, चारों ओर नदियाँ, पोखर, कुएँ और खेत जल से परिपूर्ण हो जाते हैं तथा प्रकृति में चारों ओर हरियाली छा जाती है, तब इस विहंगम परिदृश्य को साक्षात प्रकृति माता की अनुकंपा माना जाता है। छत्तीसगढ़ी लोक-परंपरा में भोजली माता को साक्षात देवी गंगा का स्वरूप मानकर विशेष प्रतिष्ठा प्रदान की जाती है। जब भूमि जल से सराबोर होती है, तब उत्तम अन्न उत्पादन, खुशहाली और जीवन की समृद्धि हेतु माँ गंगा रूपी भोजली देवी की पूजा की जाती है। भोजली पर्व की तैयारी श्रावण माह के दौरान ही गेहूँ या जौ के दानों को छोटे-छोटे पात्रों में बोकर की जाती है, जिसे सेवा-साधना के साथ अंकुरित किया जाता है।

बड़ा आकर्षण • 2025 में 207 अरबपति थे, 2031 तक 313 तक हो जाएंगे

भारत के टॉप 1% अमीरों पर ग्लोबल बैंकों की नजर, बिजनेस बढ़ाने की रणनीति पर बार्कलेज

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत में अरबपतियों और अति-धनाढ्य लोगों की संख्या तेजी से बढ़ने के साथ ग्लोबल प्राइवेट बैंकों के बीच मुकाबला तेज हो गया है। ब्रिटिश मल्टीनेशनल बैंक बार्कलेज अब देश के टॉप 1 फीसदी अमीरों, खास तौर पर अरबपति कारोबारियों से रिश्ते मजबूत करने पर फोकस कर रहा है।

बार्कलेज का लक्ष्य भारत में अपने प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस को अगले कुछ वर्षों में 10% से ज्यादा दर से बढ़ाना है। बैंक 2008 से भारत के अमीरों के साथ काम कर रहा है। अब उन कारोबारियों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, जिनकी कंपनियां और संपत्तियां कई देशों में हैं। इसके लिए बार्कलेज लंदन, दुबई, सिंगापुर और यूरोप के वेल्थ सेंटरों के नेटवर्क व कैपिटल मार्केट्स क्षमता का इस्तेमाल करेगा। बैंक के मुताबिक, भारत में आईपीओ और मर्जर-अधिग्रहण जैसी गतिविधियों से कारोबारियों के लिए संपत्ति बेचने के मौके बढ़ रहे हैं, जिससे निजी संपत्ति भी तेजी से बढ़ रही है।

बार्कलेज को भारत के अमीरों के बीच अपनी पकड़ बढ़ाने के लिए स्टैंडर्ड चार्टर्ड और एचएसबीसी जैसे स्थापित ग्लोबल बैंकों से मुकाबला करना होगा।

भारतीय अमीरों पर इसलिए बढ़ रहा फोकस...

- 2025 में भारत में 207 अरबपति थे। 2031 तक यह संख्या 313 तक पहुंचने का अनुमान है।
- 19,877 अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स भारत में हैं, जिनकी संपत्ति 3 करोड़ डॉलर से ज्यादा है।
- अरबपतियों की संख्या के मामले में भारत, अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह रफ्तार हर साल बढ़ रही है।

वायदा बाजार में 88% रिटेल ट्रेडर घाटे में, बचने के 5 तरीके

हिमाली पटेल | नई दिल्ली

शेयर बाजार में फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (वायदा) में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर छोटे निवेशकों को नुकसान हो रहा है। सेबी के मुताबिक, 2025-26 में 87.7% रिटेल ट्रेडर्स घाटे में रहे। कुल नुकसान घटकर 91,685 करोड़ जरूर हुआ, पर रकम अब भी बड़ी है। जानें कि वायदा ट्रेडिंग में नुकसान से कैसे बचा जा सकता है...

क्यों होता है ज्यादा नुकसान?

1. कम पूंजी से बड़ी पोजिशन लेने पर बाजार में छोटा बदलाव भी कई गुना नुकसान करा सकता है।
2. उसी दिन या कुछ दिनों में एक्सपायर होने वाले ऑप्शन में टाइमिंग और बाजार की अस्थिरता का असर ज्यादा होता है।

ऑप्शन खरीदारों के लिए ज्यादा जोखम का अंदेशा

बाजार में तेजी के बावजूद ऑप्शन खरीदार को फायदा जरूरी नहीं है। शेयर या इंडेक्स में उम्मीद के मुताबिक तेजी या गिरावट नहीं आई तो ऑप्शन का मूल्य प्रीमियम की भरपाई नहीं कर पाता।

वायदा इनके लिए सही...

- जिन्हें शेयर बाजार और डेरिवेटिव की अच्छी समझ हो।
- जिनके पास बड़ा नुकसान सहने के लिए पर्याप्त पूंजी हो।
- जिन निवेशकों के पास आजमाई हुई रणनीति और अनुशासन हो।
- जो निवेशक लीवरेज (एक तरह से उधारी), मार्जिन, वोलैटिलिटी और पोजिशन अच्छे से समझते हों।

नुकसान कम करने के लिए ये तरीके आजमाएं...

1. एक ट्रेड में 1-2% से ज्यादा पूंजी जोखिम में न डालें।
2. हर ट्रेड में पहले से स्टॉप-लॉस तय कर लें।
3. जरूरत से ज्यादा उधार लेकर एक ही जगह बड़ा दांव न लगाएं।
4. घाटे वाली पोजिशन में लगातार एवरेजिंग न करें।
5. सोशल मीडिया के 'टिप्स' या 'सुरक्षित कॉल' पर भरोसा न करें।

फल-मिठाई व स्टेशनरी भेंट कर साझा की खुशियां

आरंग: कल्पवृक्ष के बच्चों ने बाल आश्रम में मनाया रक्षाबंधन

भास्कर न्यूज | आरंग

कल्पवृक्ष पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कचहरी चौक, रायपुर स्थित बाल आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत लगभग 93 बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। विद्यालय के विद्यार्थियों के माता-पिता ने अपने बच्चों के माध्यम से आश्रम के बच्चों के लिए राखियां, फल, मिठाई, चॉकलेट, बिस्किट एवं स्टेशनरी सामग्री भेजी थी। इन सामग्रियों को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों सहित लगभग 35 सदस्यीय दल बाल आश्रम पहुंचा। बच्चों ने आश्रम के बच्चों की कलाई पर राखियां बांधीं और उन्हें उपहार भेंट किए। बाल आश्रम में उपस्थित सभी बच्चों एवं कल्पवृक्ष की टीम ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया।

महादेव मंदिर पहुंचे बच्चे

बाल आश्रम में कार्यक्रम के पश्चात कल्पवृक्ष की टीम बच्चों को लेकर नवागांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर पहुंची। सावन के पवित्र महीने में बच्चों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंदिर परिसर में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग, भैरव मंदिर, दशमहाविद्या देवी मंदिर, हनुमान परिवार एवं पारद शिवलिंग के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य रामलखन अग्रवाल ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के बिल्व पत्र एवं रुद्राक्ष के महत्व की जानकारी दी तथा प्रसादी प्रदान की।

विकास व ओमलता ने हासिल की ब्लैक बेल्ट

अमनपुर | छत्तीसगढ़ कराटे संघ के जनरल सेक्रेटरी अमल तालुकदार के नेतृत्व में आयोजित कराटे परीक्षा में नवा रायपुर स्थित मिडिल स्कूल के शिक्षक विकास द्विवेदी एवं ओमलता शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट हासिल की। दोनों शिक्षक विगत तीन वर्षों से फिफ्थ डान मास्टर मनीष बाग एवं फर्स्ट डान आर्यन सिंह से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। स्कूल परिवार एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

अज्ञात लोगों ने 3 बाइक व ट्राइसाइकिल में लगाई आग

मांढर | विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में शुक्रवार देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक घर के बाहर खड़ी तीन मोटरसाइकिलों और एक बैटरी से चलने वाली ट्राइसिकल को आग के हवाले कर दिया। घटना में सभी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम भुरकोनी निवासी शगुनदास महेश्वरी ने विधानसभा थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

जैक्सन हॉल सम्मेलन: महंगाई न घटने पर ब्याज दरें बढ़ेंगी: केविन वॉर्श

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका में महंगाई कम नहीं हो रही है। यह जुलाई में 3.4% रही, जो केंद्रीय बैंक के 2% के लक्ष्य से काफी ऊपर है। इस स्थिति को देखते हुए फेडरल रिजर्व ने अपनी पिछली बैठक में ब्याज दरें 3.50-3.75% के दायरे में स्थिर रखा था। अब वॉर्श ने जैक्सन होल सम्मेलन में कहा, 'नीति निर्माताओं को इस बात का पूरा भरोसा होना चाहिए कि महंगाई घट रही है। अगर महंगाई तय सीमा पर नहीं आई, तो फेडरल रिजर्व ब्याज दरें बढ़ा सकता है।'

जैकेट व पेज 1 के शेष

साइबर ठगी: 50 हजार...

यानी किसी को 500 रुपए भी वापस लेने हैं तो 1000 रुपए का बांड भरना पड़ सकता है।

साइबर ठगी के पीड़ितों के लिए गृह मंत्रालय और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) ने मनी रीस्टोरेशन मॉड्यूल (MRM) और ग्रीवांस रिड्रेसल मैकेनिज्म (GRM) पोर्टल लॉन्च किया है। नई व्यवस्था में 50 हजार रुपए तक की होल्ड रकम पुलिस के पास क्षतिपूर्ति बांड जमा करने के बाद एक सप्ताह के भीतर वापस मिल सकेगी। यह बांड एक तरह का शपथ पत्र है। इसमें पीड़ित को लिखकर देना होगा कि कोर्ट के निर्देश पर वह रकम वापस करने के लिए सहमत है।

पिछले तीन साल में 68000 लोगों से 729 करोड़ की ठगी: पुलिस विभाग से मिले आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में पिछले तीन साल में 68,000 लोगों से 729 करोड़ रुपए की ठगी हुई। इसमें से 72 करोड़ रुपए होल्ड कराए गए।

राजधानी के 30 स्पा...

वसूली का अड्डा बने स्पा सेंटर: शहर में संचालित कुछ स्पा सेंटर सरकारी मुलाजिमों के लिए कमाई और वसूली का अड्डा बने हुए हैं। आरोप है कि एक-एक स्पा सेंटर से 5-5 हजार रुपए लिए जाते थे। इसके एवज में स्पा की आड़ में गलत तरह की सर्विस देने की छूट दी जाती थी। शिकायतों के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की तो वसूली की रकम बढ़ाकर 10 हजार रुपए किए जाने की बात सामने आई। इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर नेताओं तक पहुंची थी। हालांकि अब दावा किया जा रहा है कि स्पा सेंटरों में किसी तरह की गलत गतिविधि को संरक्षण नहीं दिया जा रहा है।

आम सूचना

ग्राम मौजा सेमहरा प.ह.नं. -07, रा.नि.मं. तोरला, तह. गोबरा नवापारा जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 563 रकबा 0.09 है. के वर्तमान पटवारी नक्शा एवं डिजीटल ऑनलाइन नक्शा में त्रुटि होने से क्रय विक्रय के संव्यवहार नहीं किये जाने बाबत्

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरे पक्षकारगण श्री आलोक कुमार, श्री अरविंद कुमार, आशा शर्मा व अलका शर्मा सभी पिता स्व. सतानंद शर्मा के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा सेमहरा प.ह.नं. - 07, रा.नि.मं. तोरला, तह. गोबरा नवापारा जिला-रायपुर छ.ग. में खसरा नंबर 564 रकबा 0.100 है. के अलावा अन्य खसरा नंबर की भी कृषि भूमि स्थित है। उपरोक्त वर्णित संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि में से खसरा नंबर 564 से लगी हुई खसरा नंबर 563 भी स्थित है, उपरोक्त वर्णित दोनो खसरा नंबर जो कि मूल खसरा नंबर 381/1 व 382/2 के बंटोबस्त पश्चात सृजित खसरा नंबर है। उक्त भूमि जो कि पैतृक कृषि भूमि है जिसका विधिवत बटवारा लगभग 40 वर्ष पूर्व होने से मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. सतानंद शर्मा (तिवारी) को प्राप्त हुआ था जिस पर निरंतर शांतिपूर्ण ढंग से बतौलीयत पर बाउन्ड्रीवाल एवं कुआं का निर्माण कर काबिज चले आ रहे है। वर्तमान में खसरा नंबर 563 रकबा 0.09 है. पर दर्ज भूमि स्वामी अभिषेक तिवारी पिता श्री मधुकर तिवारी के द्वारा अन्य व्यक्ति का विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है, उक्त भूमि स्वामी के द्वारा अपने उक्त उल्लेखित खसरा नंबर की भूमि का सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर राजस्व निरीक्षक के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन जिसमें की उनके द्वारा मौके पर खसरा नंबर 564 के कब्जा में भिन्नता होने से नक्शा में बंटोबस्त त्रुटि होने के आधार पर उनका सीमांकन मानचीय तहसीलदार महोदय गोबरा नवापारा के द्वारा दिनांक 07/04/2026 को आदेश पारित कर खारिज किया गया। इस बात की जानकारी होने के बावजूद अभिषेक तिवारी के द्वारा पटवारी नक्शा एवं डिजिटल नक्शा में खसरा नंबर 563 व 564 के बंटोबस्त त्रुटि होने के बावजूद नक्शे में उक्त त्रुटि को सुधार करवाने के बजाय जानबूझकर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा उक्त भूमि खसरा नंबर 563 एवं 564 के बंटोबस्त त्रुटि होने से नक्शा में त्रुटि सुधार हेतु कार्यवाही किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में कोई भी संस्था, व्यक्ति खसरा नंबर 563 रकबा 0.09है. के क्रय- विक्रय का संव्यवहार अभिषेक तिवारी से ना करें, यदि किया जाता है, तो उक्त संव्यवहार के आधार पर मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 564 रकबा 0.100है. पर किसी भी प्रकार का स्वत्व एवं आधिपत्य प्राप्त करने का अधिकार नही होगा। सो सूचित हो।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.) दिनांक :-29/8/26

अखिलेश कुमार शर्मा, अधिवक्ता
सीती चौक बरहूं, मंदिर के बाजू पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 8120975320

आम सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स पिरामल पेट्रोलियम प्राईवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर वैभव अग्रवाल पिता नंदकिशोर अग्रवाल निवासी गीतांजलि नगर, रायपुर (छ.ग.) के हक स्वामित्व की सम्पत्ति जो कि, मौजा रैता, प.ह. नं. 17, रा.नि.मं. रायपुर - 20 - सिलयारी, पोस्ट मनोहरा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ. ग.) पिन नंबर 493116 में स्थित सम्पत्ति खसरा नं. 293 / 1, 293/2, 293/2, 293/3, 294/1, 294/2, 294/3, 294/4, 294/5, 294/6, 294/7, 294/8, 294/9, 294/10, 294/11, 294/12, 294/13, 294/14, 294/15, 294/16, 294/17, 301, 311/4,, 311/5, 315/2, रकबा- 0.2110, 0.2380, 0.1010, 0.2360, 0.1380, 0.0500, 0.1630, 0.1700, 0.1320, 0.2350, 0.1680, 0.0500, 0.1750, 0.0780, 0.0600, 0.0250, 0.1670, 0.0470, 0.2320, 0.3300, 0.1540, 1.8090, 0.8090, 1.0120 हेक्टे. है। यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति को बालाजी फैबटेक प्राईवेट लिमिटेड पता 601-602, अडवेन्त अतरिया, अपोसिट किंगस्टोन अपार्टमेंट, घिंघोली बुंडर रोड, मलाड (W), मुम्बई (महाराष्ट्र) पिन नंबर 400064 को विक्रय करने का पक्का सौदा किया है। अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस (सात दिवस) के भीतर मय दस्तावेज के साथ लिखित अपत्ति नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात् बैंक के पक्ष में सात्यिक बंधक करा लिया जावेगा एवं बाद में की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग., दिनांक 29/08/2026

आशीष कुमार शर्मा (अधि.)
सी - 33, सेक्ट. -1, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ. ग.)

आम सूचना

(मकान नं. एम.आई.जी. - II/32, रकबा 162.00 वर्गमीटर /1743.12 वर्गफुट, खसरा नं. 57/2 एवं 58, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, डंगनिया)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री निखिल क्षत्री पिता श्री लेखन सिंह क्षत्री निवासी- अशोक नगर, डी.एल.एस. कॉलेज रोड, नया सरकण्डा बिजली ऑफिस के पास, बिलासपुर (छ.ग.) ने श्रीमती साधना देवांगन पति श्री बृजलाल देवांगन निवासी - अग्रनी नगर, महादेवघाट रोड, रायपुर, तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामीत्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति मकान नं. एम.आई.जी. - II/32, रकबा 162.00 वर्गमीटर / 1743.12 वर्गफुट, खसरा नं. 57/2 एवं 58, स्थित पुराना पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर वार्ड क्रं. 69, नया वार्ड क्रं. 40, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-04, ग्राम- डंगनिया प.ह.नं. 104, रा.नि.मं. रायपुर -01, तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिये हैं।

यदि उपरोक्त वर्णित करारशुदा सम्पत्ति के सौदे पर किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार की उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे समक्ष हमारे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे के बीच लिखित में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद बीतने पर हमारे मुवक्किल द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं होंगे। जो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.), दिनांक 29/08/2026

एन. के. श्रीवास्तव, अधिवक्ता
श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स, एडवोकेट्स चेम्बर एफ-33, हीरा आर्केड, पुराना बस स्टैण्ड पण्डरी, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9826113956

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कीसन लाल, टीकुमारी, भगवती सभी पिता सखाराम, दुखाबाई बेवा सखाराम निवासी ग्राम कोटनी तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम कोटनी प.ह.नं. 20 रा.नि. मं. पलौद तहसील आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 952/1 रकबा 0.540 हेक्टेयर को क्रय करने का सौदा किया है।

उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भाग के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में या उक्त संव्यवहार, अंतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, ग्राम-पंचायत, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, साहूकार आदि को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये पते पर मेरे समक्ष लिखित में प्रस्तुत करें। उक्त आम सूचना का खण्डन समाचार पत्र के माध्यम से अस्वीकार होगा। म्याद बाद उक्त वर्णित भूमि का मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करवा लिया जावेगा, तदोपरांत की गई कोई भी दावा-आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 29/08/2026

तापस कांति घोष, अधिवक्ता
छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
मो.-9826132035

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उपक्रम

जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर फोन: 0761-2480065, 67, 68

ई- नीलामी द्वारा विक्रय हेतु आम सूचना

सरफेसी अधिनियम 2002 तथा सहपठित नियम 8(6) of 2002 के अंतर्गत की नीलामी के द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बंधक अचल संपत्ति के विक्रय की सूचना

इस आम सूचना के द्वारा बैंक के अनर्जक खातेदार, जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल संपत्तियाँ जो कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बंधक हैं तथा जिन का कब्जा (सांकेतिक/प्रत्यक्ष) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत लिया जा चुका है। यह संपत्तियाँ "जहाँ है जैसी है" "जैसा है जो है" "जहां भी है" तथा "दायित्व रहित" आधार अनर्जक खातों में ऋण की वसूली हेतु दिनांक 15.09.2026 को ई नीलामी द्वारा विक्रय की जाएंगी। अनर्जक खाते, खाताधारक, जमानतदार, बैंक पर बकाया धनराशि, ऑनलाइन नीलामी द्वारा विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण, प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी में किसी तरह का संपत्ति पर भार, संपत्ति पर कब्जे का प्रकार, विक्रय की धनराशि (RESERVE PRICE), नीलामी में भाग लेने हेतु जमा की जाने वाली पूर्व धनराशि (EMD AMOUNT) इत्यादि की जानकारी निम्नलिखित है-

ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता	बकाया राशि जिसकी वसूली हेतु संपत्ति विक्रय की जा रही है	संपत्ति का विवरण	कब्जा का प्रकार	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि की राशि
1) शाखा - आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर उधारकर्ता: मैसर्स. BAKD स्टील प्रा. लिमिटेड निदेशक: (1) श्रीमान गणेश परिदा पुत्र श्री रघुनाथ परिदा (2) श्रीमती रत्नोराहा परिदा पत्नी श्री गणेश परिदा पता: भानपुरी सब-स्टेशन के पास, वार्ड नंबर 19, उरकुरा, रायपुर (सी.जी.) 493221 गारंटर: (1) श्री गणेश परिदा पुत्र श्री रघुनाथ परिदा (2) श्रीमती रत्नप्रभा परिदा पत्नी श्री गणेश परिदा (3) श्री कार्तिकचंद्र परिदा पुत्र श्री रघुनाथ परिदा (4) श्री संकर्षण परिदा पुत्र श्री बलराम परिदा। ग्राम- बीरगांव, रायपुर (सी.जी.) 493221	Rs.3,53,78,712.78/- (Rupees Three Crore Fifty three Lakh seventy Eight Thousand Seven Hundred twelve rupees and Seventy eight paise only) (Ledger Bal: Rs. 3,53,78,712.78/- + unapplied interest of Rs.28,96,121/- upto 15/08/2023 + penal interest @ 2.00% p.a. other expenses w.e.f. 16.08.2023 + penal interest and other charges / expenses	(ए) श्री संकर्षण परिदा पुत्र श्री बलराम परिदा के नाम पर ग्राम - उरकुरा, वार्ड क्रमांक 19, (माधव राव सप्रे वार्ड) आरआईसी - रायपुर, तहसील और जिला- रायपुर (सीजी) में स्थित, ख. सं. 84/128, पी.एच. क्रमांक 108/40, क्षेत्रफल 3200 वर्ग फीट का डायवर्टेड प्लॉट। (बी) श्री संकर्षण परिदा पुत्र श्री बलराम परिदा के नाम पर ग्राम - उरकुरा, वार्ड क्रमांक 19, (माधव राव सप्रे वार्ड) आरआईसी - रायपुर, तहसील और जिला- रायपुर (सीजी) में स्थित, ख. सं. 84/127, पी.एच. क्रमांक 108/40, क्षेत्रफल 3100 वर्ग फीट का डायवर्टेड प्लॉट। 19, (माधव राव सप्रे वार्ड) आरआईसी - रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) श्री कार्तिकचंद्र परिदा, पुत्र श्री रघुनाथ परिदा के नाम पर Note - The sale is subject to order/outcome of S.A. No. 1149/2023	Symbolic	Rs.9360000/- Rs. 936000/- Rs. 10000/-
2) शाखा - आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर (1) शुभंकर मार्केटिंग प्रा. लिमिटेड पता: सी/ओ आशीर्वाद ट्रेडर्स, 76/3, नेहरु नगर (पूर्व), शिवाजी स्क्वायर के सामने, भिलाई, जिला दुर्ग (सी.जी.) निदेशक: 1) अभिलाष जोशी पुत्र मनोहर जोशी 2)